भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-819

जिसका उत्तर 17 सितंबर, 2020 को दिया जाना है ।

ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत की मांग

819. श्री सय्यद ईमत्याज ज़लीलः

श्री असादुद्दीन ओवैसीः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मार्च-सितंबर, 2020 के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत की मांग की खपत का आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हाल के दिनों में शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत की मांग बढ़ी है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ङ) कृषि क्षेत्र में मजदूरों का पलायन किस हद तक ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत की मांग में बढ़ोतरी का कारक है;

(च) क्या औद्योगिक इकाइयों, रेलवे पर्यटन और विमानन क्षेत्र में विद्युत की मांग में गिरावट, शहरी क्षेत्रों में कम विद्युत की मांग के लिए जिम्मेदार हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या विगत दो महीनों के दौरान शहरी क्षेत्रों में विद्युत की मांग में वृद्धि के कोई संकेत मिले हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (श्री आर. के. सिंह)

(क) से (ग) : केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा राज्यों से प्राप्त सूचना के अनुसार समग्र मांग तथा आपूर्ति का राज्य-वार तथा माह-वार आकलन किया गया था तथा वित्तीय वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 हेतु भार उत्पादन तुलन रिपोर्ट (एलजीबीआर) प्रकाशित की गई थी, जिसमें मार्च, 2020 से सितंबर, 2020 तक के माह शामिल हैं। भारत सरकार या इसका कोई भी संगठन ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में मांग को विभाजित नहीं करता।

(घ) : विद्युत की आवश्यकता मौसम तथा आर्थिक गतिविधियों के दायरे सहित कई कारकों पर निर्भर करती है। प्रवासन से भी विद्युत की खपत ढांचे पर प्रभाव पड़ा है।

(ङ) और (च) : व्यस्ततम विद्युत और ऊर्जा के संदर्भ में विद्युत की माह-वार मांग एवं आपूर्ति का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है। कोविड-19 महामारी के प्रभाव के कारण अप्रैल, 2019 की तुलना में अप्रैल, 2020 में व्यस्ततम मांग एवं ऊर्जा की आवश्यकता में 23-24 प्रतिशत की गिरावट आई है। मई, 2020 से व्यस्ततम मांग एवं ऊर्जा की आवश्यकता महीने दर महीना बढ़ रही है। गत वर्ष की समरूपी अवधि की तुलना में वर्तमान सितंबर 2020 माह में (14 सितंबर, 2020 तक) व्यस्ततम मांग एवं ऊर्जा आवश्यकता में नाममात्र वृद्धि हुई है।

****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 17.09.2020 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 819 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

मार्च, 2020 से सितंबर, 2020 (14 सितंबर, 2020 तक) के दौरान विद्युत की माह-वार मांग एवं आपूर्ति का ब्यौरा

व्यस्ततम मांग और प्राप्त की गई व्यस्ततम मांग में वृद्धि
(अखिल भारतीय स्तर पर)

माह	मार्च 2020 – सितंबर 2020				मार्च 2019 – सितंबर 2019				वृद्धि	
	व्यस्ततम मांग	प्राप्त की गई व्यस्ततम मांग	अधिशेष/ कमी (-)		व्यस्ततम मांग	प्राप्त की गई व्यस्ततम मांग	अधिशेष/ कमी (-)		व्यस्ततम मांग में वृद्धि	प्राप्त की गई व्यस्ततम मांग में वृद्धि
	एमडब्ल्यू	एमडब्ल्यू	एमडब्ल्यू	%	एमडब्ल्यू	एमडब्ल्यू	एमडब्ल्यू	%	%	%
मार्च 2020	1,70,749	1,70,165	-584	-0.3	1,69,315	1,68,745	-570	-0.3	0.8%	0.8%
अप्रैल 2020	1,33,200	1,32,733	-467	-0.4	1,77,424	1,76,810	-613	-0.3	-24.9%	-24.9%
मई-2020	1,66,890	1,66,225	-664	-0.4	1,83,547	1,82,533	-1,014	-0.6	-9.1%	-8.9%
जून-2020	1,66,686	1,64,982	-1,705	-1.0	1,83,804	1,82,454	-1,350	-0.7	-9.3%	-9.6%
जुलाई-2020	1,71,510	1,70,408	-1,101	-0.6	1,77,130	1,75,124	-2,006	-1.1	-3.2%	-2.7%
अगस्त-2020	1,67,535	1,67,499	-36	0.0	1,79,159	1,77,525	-1,634	-0.9	-6.5%	-5.6%
सितंबर- 2020 (14 सितंबर तक)	1,75,021	1,74,331	-690	-0.4	1,74,999	1,73,158	-1,841	-1.1	0.0%	0.7%

ऊर्जा आवश्यकता और उपलब्धता में वृद्धि
(अखिल भारतीय स्तर पर)

माह	मार्च 2020 – सितंबर 2020				मार्च 2019 – सितंबर 2019				वृद्धि	
	ऊर्जा की आवश्यकता	ऊर्जा की उपलब्धता	ऊर्जा अधिशेष/कमी(-)		ऊर्जा की आवश्यकता	ऊर्जा की उपलब्धता	ऊर्जा अधिशेष/कमी(-)		ऊर्जा आवश्यकता में वृद्धि	ऊर्जा उपलब्धता में वृद्धि
	एमयू	एमयू	एमयू	%	एमयू	एमयू	एमयू	%	%	%
मार्च-2020	99,382	98,952	-430	-0.4	1,08,508	1,08,355	-153	-0.1	-8.4%	-8.7%
अप्रैल-2020	85,030	84,550	-480	-0.6	1,10,567	1,10,112	-455	-0.4	-23.1%	-23.2%
मई-2020	1,02,651	1,02,089	-562	-0.5	1,20,659	1,20,020	-639	-0.5	-14.9%	-14.9%
जून-2020	1,05,556	1,05,086	-471	-0.4	1,18,573	1,17,988	-585	-0.5	-11.0%	-10.9%
जुलाई-2020	1,12,341	1,12,147	-194	-0.2	1,17,226	1,16,485	-741	-0.6	-4.2%	-3.7%
अगस्त-2020	1,09,833	1,09,657	-177	-0.2	1,12,119	1,11,521	-598	-0.5	-2.0%	-1.7%
सितंबर 2020 (14 सितंबर तक)	53,192	53,170	-22	0.0	52,954	52,685	-269	-0.5	0.4%	0.9%

****